...लय सहा...
...ण सं0 03 / 202...
...हबराम पुत्र श्री...

18/3/25

पत्रावली वास्ते लिखित पेश हुई। अतः उप. प्रा.पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। विस्तृत लिखित आदेश के शामिल किया जाता। कथन के अनुसार हो।

GCMS
2025/16

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
सूरतगढ़ (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2025.03.24 16:53:13 IST
Reason: SelfAttested

## ...ायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी सूरतगढ, जिला श्री गंगानगर

पीठासीन अधिकारी: संदीप कुमार आर. ए. एस.

...रण सं0 03/2025 GCMS:-2025/16 दायर दिनांकः— 07—01—2025

साहबराम पुत्र श्री करनाराम जाति बावरी साकिन 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ जिला श्री गंगानगर राज0

————प्रार्थी

बनाम

1— श्योपतराम पुत्र श्री करनाराम जाति बावरी साकिन 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ जिला श्री गंगानगर

2— इन्द्राज पुत्र श्री किशोरी लाल
3—तेजपाल पुत्र श्री किशोरीलाल
4—मधूरी देवी पत्नी श्री क़िशोरीलाल
5—कमला देवी पुत्री किशोरीलाल
6— निर्मला पुत्री किशोरीलाल
} अकवाम ओड साकिनान 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ जिला श्री गंगानगर राज0

7— शाखा प्रबन्धक राजस्थान मरूधर ग्रामीण बैंक शाखा सूरतगढ ।

8—राजस्थान सरकार जरिये पैरोकार राज तहसीलदार राजस्व सूरतगढ ।

————अप्रार्थीगण

**प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) , 209 आर टी ए**

उपस्थित :—

1— श्री सुर्य प्रकाश चौहान अभिभाषक प्रार्थी
2— श्रीमति ममता बावरी अभिभाषक प्रतिवादी सं0 1 व 2
3—पेराकार राज तहसीलदार राजस्व सूरतगढ ।

—:— निर्णय —:— दिनांकः— 18.03.2025

आज पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। अभिभाषक प्रार्थी , अप्रार्थी न0 1 व 2के अभिभाषक एवं पैरोकार राज उपस्थित। प्रकरण के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी के नाम से भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ के खाता सं0 176/179 के प0 न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 1/1 ता 3/2 , 8 ता 13, 18 ता 21/2 में 3.150 है0 नहरी, अ0क0बा0, मय खाला खातेदारी भूमि दर्ज रिकार्ड पटवार वाके है। प्रार्थी एव अप्रार्थी सं0 1 के नाम से संयुक्त खाता की भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ के खाता सं0 179/179 के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 23/2 में 0.013 है0 अ0क0बा0, 24/2 में 0.013 है0 नहरी, 25/2 में 0.013है0 नहरी कुल 0.039 है0 नहरी, अ0क0बा0 खातेदारी भूमि बहिस्सा बराबर दर्ज राजस्व रिकार्ड पटवार वाके है । अप्रार्थी न0 1 के नाम से भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ के खाता सं0 148/179 के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 4/1 ता 7, 14 ता 17, 21/1 ता 25/1 में 3.136 है0 नहरी , अ0क0बा0 मय खाला खातेदारी भूमि दर्ज रिकार्ड पटवार वाके है । अप्रार्थी सं0 2 ता 6 के नाम से भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ के खाता सं0 119/20 के प0न0 39/350 मु0न0 18 के किला न0 1 ता 12/3.036 है0 खातेदारी भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड पटवार वाके है। प्रार्थी को अपने रकबा वाके चक 28 पी बी एन बी तहसील सूरतगढ के खाता सं0 176/179 के प0 न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 20 के पूर्वी दक्षिण पर ढाणी बना रखी है। प्रार्थी अपनी ढाणी में आवागमन हेतू प0न0 38/350 मु0न0 19 के किला न0 1 ता 5 में चल रहे मन्जूर शुदा रास्ता से होकर अप्रार्थी सं0 2 ता 6 की भूमि प0न0 39/350 मु0न0 18 के किला न0 5 में 0.0025 है0 अर्थात 16.5फुट गुणा 16.5 फुट उतरी पूर्वी कोना से होते हुये प्रार्थी एवं अप्रार्थी सं0 1 की भूमि चक 28 पी बी एन बी के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 25/2 में 0.013 है0, 24/2 में 0.013 है0, 23/2 में 0.013है0 कुल 0.039 है0 एवं अप्रार्थी सं0 1 के किला न0 25/1 में 0.012 है0, 24/1 में 0.012 है0 , 23/1 में 0.012 है0 , 22/0.025 है0, 21/1 में 0.014 है0 दक्षिणी पासा पूर्व से पश्चिम एवं इसके बाद प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि किला न0 21/2 में 0.025 है0 पूर्वी पासा दक्षिण से उतर एवं इसके बाद अपनी खातेदारी भूमि के किला न0 20 में 0.014 है0 दक्षिणी पासा पश्चिम से पूर्व होते हुये अपनी ढाणी में आवागमन ... समय से करता आ रहा है। लेकिन उक्त रास्ता स्वीकृत नही है। उक्त रास्ता स्वीकृत नही ... से प्रा... को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी उक्त रास्ता स्वीकृत करवाना चाहता है। ... रास्ता के बदले अप्रार्थी सं0 1 को अपनी भूमि वाके चक 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ ... 39/349 मु0न0 10 के किला न0 18 में 0.038 है0, 19 में 0.038 है0 कुल 0.076 है0 दक्षिण पासा पूर्व से पश्चिम दे दी है । उक्त रास्ता स्वीकृत

उपखण्ड अधिकारी
सूरतगढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2025.03.24 16:53:13 IST
Reason: SelfAttested

करने में अप्रार्थी सं0 1 को कोई उज्र व एतराज नही है । प्रार्थी के रकबा में जाने के लिए उक्त जैरवाद वाद रकबा में चल रहा रास्ता ही आवागमन का माध्यम है। इसके अलावा प्रार्थी को अपने रकबा में जाने के लिए अन्य कोई रास्ता नही है। इसलिए प्रार्थी रास्ता स्वीकृत करने का निवेदन करता है ।

प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया । तहसीलदर भू0अ0 सूरतगढ एवं हल्का पटवारी एव एल आर ए की रिपोर्ट ली गई । अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया । अप्रार्थी न0 1 व 2 जरिये अभिभाषक ममता बावरी एवं पेरोकार राज उपस्थित हुये। अप्रार्थी सं0 3 ता 8 बाजदूत समन तामिल हाजिर नही आये उनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गई ।

अप्रार्थी सं0 1 व 2 की तरफ से जबाब प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सहमति के अनुसार अप्रार्थी सं0 2 एवं अप्रार्थी सं0 2 के भाईयो/ बहन / माता अप्रार्थी सं0 3 ता 6 की संयुक्त खाता की भूमि वाके चक 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ के प0न0 39/350 मु0न0 18 के किला न0 5 में 0.0025 है0 अर्थात 16.5फुट गुणा 16.5 फुट उतरी पूर्वी कोना एवं प्रार्थी एवं अप्रार्थी सं0 1 की संयुक्त खाता की भूमि चक 28 पी बी एन बी के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 25/2 में 0.013 है0, 24/2 में 0.013 है0, 23/2 में 0.013है0 कुल 0.039 है0 एवं अप्रार्थी सं0 1 के किला न0 25/1 में 0.012 है0, 24/1 में 0.012 है0 , 23/1 में 0.012 है0 , 22/0.025 है0, 21/1 में 0.014 है0 प्रत्येक किला का दक्षिणी पासा पूर्व से पश्चिम एवं इसके बाद प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि किला न0 21/2 में 0.025 है0 पूर्वी पासा दक्षिण से उतर एवं इसके बाद अपनी खातेदारी भूमि के किला न0 20 में 0.014 है0 दक्षिणी पासा पश्चिम से पूर्व में चालू रास्ता स्वीकृत कर इस रास्ता के रकबा के बदले इसी प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 18 में 0.038 है0, 19 में 0.038 है0 कुल 0.076 है0 दक्षिण पासा पूर्व से पश्चिम का रकबा अप्रार्थी सं0 1 लेना चाहता है । अप्रार्थी सं0 2 रास्ता में दी गई भूमि में बदले में कोई भूमि या डी एल सी दर प्राप्त नही करना चाहता है ।

अप्रार्थी न0 1 व 2 के जबाब प्रार्थना-पत्र एवं सहमति-पत्र पर मनन किया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावैजो का गहनता से पठन व मनन किया गया । प्रार्थी एवं अप्रार्थी न0 1 ता 6 मुताबिक राजस्व रिकार्ड खातेदार कास्तकार है तथा प्रार्थी की खातेदारी भूमि में आवागमन का कोई भी रास्ता नही है। जो अप्रार्थी सं0 2 ता 6 की संयुक्त खाता की भूमि चक 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ के प0न0 39/350 मु0न0 18 के किला न0 5 में 0.0025 है0 अर्थात 16.5फुट गुणा 16.5 फुट उतरी पूर्वी कोना तथा अप्रार्थी न0 1 की खातेदारी भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 25/2 में 0.013 है0, 24/2 में 0.013 है0, 23/2 में 0.013है0 कुल 0.039 है0 में 1/2 हिस्सा एवं अप्रार्थी सं0 1 के किला न0 25/1 में 0.012 है0, 24/1 में 0.012 है0 , 23/1 में 0.012 है0 , 22/0.025 है0, 21/1 में 0.014 है0 दक्षिणी पासा पूर्व से पश्चिम रास्ता देने की सहमति प्रकट की है व इस रास्ता के रकबा के बदले इसी प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 18 में 0.038 है0, 19 में 0.038 है0 कुल 0.076 है0 दक्षिण पासा पूर्व से पश्चिम में अप्रार्थी सं0 1 ने लेने की सहमति प्रकट की है। इसलिए उक्त प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाना हम उचित समझते है ।

उक्त विवेचना अनुसार प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी सं0 2 ता 6 के नाम से खातेदारी भूमि वाके चक 28 पी बी एन तहसील सूरतगढ के प0न0 39/350 मु0न0 18 के किला न0 5 में 0.0025 है0 अर्थात 16.5फुट गुणा 16.5 फुट उतरी पूर्वी कोना एवं प्रार्थी एवं अप्रार्थी सं0 1 की संयुक्त खाता की भूमि चक 28 पी बी एन बी के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 25/2 में 0.013है0, 24/2 में 0.013 है0, 23/2 में 0.013है0 कुल 0.039 है0 एवं अप्रार्थी सं0 1 के किला न0 25/1 में 0.012 है0, 24/1 में 0.012 है0 , 23/1 में 0.012 है0 , 22/0.025 है0, 21/1 में 0.014 है0 प्रत्येक किला का दक्षिणी पासा पूर्व से पश्चिम एवं प्रार्थी की भूमि किला न0 21/2 में 0.025 है0 पूर्वी पासा दक्षिण से उतर एवं किला न0 20 में 0.014 है0 दक्षिणी पासा पश्चिम से पूर्व में चालू रास्ता भूमि प्रार्थी एवं अप्रार्थी सं0 1 ता 6 के नाम से कमलजन किया जाकर गै0 मु0 रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है तथा प्रार्थी के नाम से भूमि वाके चक 28 पी बी एन बी के प0न0 39/349 मु0न0 10 के किला न0 18 में 0.038 है0, 19 में 0.038 है0 कुल 0.076 है0 दक्षिण पासा पूर्व से पश्चिम के नाम से कलमजन कर अप्रार्थी न0 1 के नाम दर्ज किये जाने , अप्रार्थी सं0 2 ता 6 की 0.0025 है0 भूमि में स्वीकृत रास्ता के बदला में प्रचलित डी एल सी राशि की दो गुणा राशि राजकोष में जमा करवाने पर उक्त राशि राजकोष में जमा होने के पश्चात उक्त स्वीकृत रास्ता का अंकन राजस्व रिकार्ड में किया जावे एवं रास्ता की भूमि पर से रहन हटा कर शेष भूमि पर रहन यथावत रखे जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार सूरतगढ के नाम तहरीर जारी हो । पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 18.03.25 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2025.03.24 16:53:13 IST
Reason: SelfAttested

( संदीप कुमार )
उपखण्ड अधिकारी
सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सूरतगढ